VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session 2025-26)

Date: ________ Class: 5 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi
Name: ______________________________ Worksheet: Yearly Exam 4

पत्र - लेखन

- **औपचारिक पत्र**

क. अपने चाचा ज़ी की शादी में जाने के लिए पाँच दिन का अवकाश (छुट्टी) माँगते हुए प्रधानाचार्याजी को पत्र लिखिए |

सेवा में,

प्रधानाचार्य जी

वशिष्ठ जेनेसिस विद्यालय,

बाबेन, बारडोली, सूरत (गुजरात)

दिनांक - १५ फ़रवरी २०२६

विषय- अवकाश हेतु आवेदन |

महोदया

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा पाँच 'अ' , 'क', 'स' में पढ़ता हूँ ।मेरे चाचा ज़ी की शादी २२ फ़रवरी २०२६ को हमारे गृह निवास रायपुर में है | अत: आपसे विनम्र अनुरोध है कि मुझे दिनांक १८ फ़रवरी से २२ फ़रवरी २०२६ तक पाँच दिन का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें |

धन्यवाद सहित,

आपका आज्ञाकारी शिष्य:-

क.ख.ग.

कक्षा - पाँच 'अ' , 'क', 'स'

- **अनौपचारिक पत्र**

ख. अपने शैक्षणिक भ्रमण (यात्रा) के बारे में बताते हुए दादी जी को पत्र लिखिए |

बी-९५ लेक पैलेस सोसाइटी,

बाबेन, बारडोली, सूरत (गुजरात)

दिनांक - ८ मार्च, २०२६

आदरणीय दादी जी

सादर प्रणाम

आपके आशीर्वाद से मैं यहाँ कुशलपूर्वक हूँ। आशा है आप भी स्वस्थ तथा कुशल होंगी। आप तो जानती ही हैं कि कोरोना के बाद सब कुछ सामान्य होने पर मैं विद्यालय की ओर से शैक्षणिक भ्रमण पर दुबई गया था। वहाँ जाकर तो मैं दंग रह गया। बुर्ज खलीफ़ा, बुर्ज अल अरब, वर्ल्ड ट्रेड टावर जैसी गगनचुंबी इमारतें तथा विशाल दुबई मॉल, बतूता मॉल तथा मॉल ऑफ़ अमीरात अद्भुत थे । हिंदी फ़िल्मों का प्रदर्शन होते देखकर तो ऐसा लगा मानो मैं भारत में ही हूँ। जब मुझे पता चला कि आज से लगभग २५-३० वर्ष पूर्व यहाँ भारतीय रुपया ही प्रचलन में था, तब तो और भी आश्चर्य हुआ। मन करता है कि एक बार आपके साथ भी दुबई जाऊँ।

आदरणीय ताऊ जी, ताई जी को मेरा सादर प्रणाम तथा यश भाई को नमस्ते कहिएगा ।

आपका पोता-

अक्षर

ग .अपनी बड़ी बहन को अपनी मम्मी के जन्मदिन की सरप्राइज पार्टी में बुलाने के लिए पत्र लिखो |

घर नं. १४,

शांति नगर,

अहमदाबाद - ३८०००१

दिनांक: १५ फ़रवरी २०२६

प्रिय दीदी,

सप्रेम नमस्ते।

आशा है कि आप स्वस्थ और खुश होंगी। दीदी, आपको यह पत्र लिखने का कारण यह है कि हमारी प्यारी मम्मी का जन्मदिन आने वाला है। इस बार हम मम्मी के लिए एक सरप्राइज़ पार्टी रख रहे हैं। मम्मी को इस बारे में कुछ भी पता नहीं है। हम चाहते हैं कि आप भी इस खुशी के मौके पर हमारे साथ रहें। आपकी मौजूदगी से मम्मी बहुत खुश होंगी और उनका जन्मदिन और भी खास बन जाएगा। यह पार्टी १९ तारीख को २ बजे हमारे घर पर रखी गई है। कृपया समय पर आ जाइए और मम्मी को कुछ भी न बताइए।

आपके आने की प्रतीक्षा रहेगी।

आपकी प्यारी छोटी बहन

ख़ुशी

क. अपने चाचा ज़ी की शादी में जाने के लिए पाँच दिन का अवकाश (छुट्टी) माँगते हुए प्रधानाचार्याजी को पत्र लिखिए |

ख. अपने शैक्षणिक भ्रमण (यात्रा) के बारे में बताते हुए दादी जी को पत्र लिखिए |

ग. अपनी बड़ी बहन को अपनी मम्मी के जन्मदिन की सरप्राइज पार्टी में बुलाने के लिए पत्र लिखो |